53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 26.6 °c अधिकतम 33.6 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:00, सूर्यास्त - 6:33 | वर्ष : 53/अंक : 248 सोमवार, 08 सितम्बर 2025 अश्विन, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

कितनी भी महँगी से महँगी घड़ी पहनकर देख लो, वक़्त कभी किसी का गुलाम नहीं होता।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

मोदी ने ट्रम्प से दोस्ती करके भारत की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया है : खड़गे



पता नहीं क्यों.....मोदी इतने वरिष्ठ नेताओं से सलाह नहीं लेते?......

# काहे की अतिक्रमण की सफेद पट्टी, जब नेताओं की आंख पर बंधी हो काली पट्टी

## ⏩ दुकानदारों की छाती पर सजे हैं फल और ठेला बाजार, कुछ नहीं कर पाएगी शहर की सरकार

**मुजफ्फरनगर, 07 सितंबर (बु.)।** स्व. प्रधानमंत्री राजीव गांधी के डायलॉग तो शायद आपको बखूबी याद होंगे, हम देख रहे हैं, हम देखेंगे और बस हम देखते ही रहेंगे। भाजपाईयों को भी ये डायलॉग अब रास आ गए हैं, क्योंकि पिछले पन्द्रह वर्षों से इस शहर का बच्चा-बच्चा भाजपा शासन होने के नाते भाजपाईयों के ही डायलॉग चलता आ रहा है। इस शहर से अतिक्रमण भी हटेगा, सड़कें भी बनेंगी, अवैध ई-रिक्शाएं भी जल्द हटाई जाएंगी। ऐसे फिल्मी डायलॉग भाजपाईयों के साथ-साथ शासन के नुमाइंदों ने भी रट लिये हैं और भाजपाईयों की तर्ज पर ही वे दो दिन सड़कों पर उतरकर ऐसा दर्शाते हैं कि मानों कल से ही आपका शहर सिंगापुर बना देंगे, मगर ये मुजफ्फरनगर को मुजफ्फरनगर ही रहने दें तो गनीमत है। शहर के प्रत्येक समाचार पत्र की कलम चलते-चलते थक गयी है, मगर इस शहर में तो किसी ने विकास का मुंह अभी तक नहीं देखा। 9 माह में पैदा होने वाली चीज 15 साल में पैदा नहीं हो सकी। ऐसा लगता है कि जैसे सत्ताधारी आम जनता को हंसी-ठिठौली करके बेवकूफ बनाने की कवायद में लगे हों। ऐसे में आज शहर में दस हजार से भी अधिक ठेले लगे दिखाई दे रहे हैं। नगर पालिका से बात की जाएगी तो वहां इनका रिकॉर्ड 2-4 हजार में ही मिल पाएगा, बाकी सब किसकी सह पर लग रहे हैं, इसका जवाब शायद पालिका के पास न हो। शहर की एक सड़क नहीं कोई भी सड़क उठाकर देख लो, कौन सी दुकान के बाहर सब्जी, फल और तोलिये आदि कपड़े बेचने का ठेला नहीं लगा है, इस इतना देखकर बता दो, मगर सत्ता की कुर्सियों पर मदहोश नेताओं को इस बात से कोई लेना-देना है ही नहीं। बस चुनाव के समय पर फिर एक बार नए वादों के साथ सड़कों पर उतरकर एक बार फिर जनता को किस तरह से बेवकूफ बनाया जाये, यही फॉर्मूला इजाद किया जा रहा होगा। अब देखना यह होगा कि इस शहर को संवारने के लिए 2027 में कौन नेता इस शहर की जिम्मेदारी लेगा, क्योंकि हर बार नेता यही कहकर सत्ता पर काबिज होते हैं कि इस बार हम शहर के लिए न जाने कौन सा काम ऐसा करेंगे जो शहर अलग ही चमकेगा। आज न चमकने वाला शहर न जाने कब चमकेगा। जब सत्ता की चकाचौंध का अंधेरा आंखों पर छा जाए तो वास्तव में अतिक्रमण की सफेद पट्टी ठेले वालों को कहां दिखाई देगी। वोट बंटोरने की लालसा में न किसी से कुछ कहना न सुनना जिस धींगामुश्ती पर शहर चलता है, चलता रहने दो। शहर में यदि किसी भी सड़क पर चला जाए तो शायद ही शाम 6 बजे के बाद कोई ठेले वाला ऐसा मिले जो सफेद पट्टी के अंदर अपना सामान बेच रहा हो। सभी के सभी सफेद पट्टी के बाहर सड़क के बीचोबीच आ जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इनके चाचा ने सड़क इनके नाम आवंटित कर दी हो और कुछ भी कहने पर छाती चौड़ी करते हुए कहने वाले पर ही रौब गालिब करने लगते हैं। ऐस में यह कहना कहीं गलत न होगा कि वोट की राजनीति के चक्कर में नेताओं ने तो अपनी आंख पर काली पट्टी बांध ही ली है, साथ ही साथ प्रशासनिक अधिकारियों को भी यही इशारे दे रखे हैं कि दो दिन करो अतिक्रमण हटाने का ढोंग, फिर चाहे उसके बाद 29 दिन चलने दो सबकुछ रोंग।



**रेहड़ा-ठेली वालों द्वारा किया अतिक्रमण**

### शासन ये बताए कि ये ठेले वाले किसी की भी छाती पर खड़े हो सकते हैं या ठेले वालों का काम चलते-फिलते सामान बेचने का होता है...?

**मुजफ्फरनगर।** शासन अपने प्रोटोकॉल के अनुसार एक बार आम जनता को ये बताए कि ठेले वालों को कहीं सड़कें अलॉट तो नहीं कर दी हैं। क्योंकि हर दुकानदार की छाती पर आम, अमरूद, आलू-प्याज, भिंडी तौरी लेकर ये ठेले वाले अपनी जगह से हिलने को तैयार नहीं होते, ऐसे में आम जनता को संदेह है कि कहीं प्रोटोकॉल में कोई परिवर्तन न कर दिया गया हो, क्योंकि अभी तक का प्रोटोकॉल तो लोगों को यही पता है कि ठेले वालों का काम गली गली जाकर फल-सब्जी बेचने का होता है, मगर इस सरकार में पूरी धींगामुश्ती चल रही है और हर दुकानदार की छाती पर 5-5 करोड़ की दुकान के आगे 500-500 का ठेले वाला खड़ा होने लगा है और दुकानदार द्वारा जरा सा कुछ कहने पर ये ठेले वाले लड़ने तक को तैयार हो जाते हैं।

### झांसी रानी कपड़ा बाजार बना फल मंडी और मालवीय चौक पर सजी सब्जी मंडी

**मुजफ्फरनगर।** प्रशासन के लिए हर काम मुश्किल होने लगा है। आएं दिन शहर में अतिक्रमण घटने की बजाएं बढ़ता दिखाई पड़ रहा है। एक दिन डंडा फटकारने के बाद एक महीने के लिए प्रशासन आराम से सो जाता है। आएं दिन इसी कारण ठेली वालों के हौसले बुलंद हों रहे है। और क्या सफेद लाइन और क्या सड़क लाउड स्पीकरों से शोर मचाते मचाते चारों और अतिक्रमण ओर ध्वनि प्रदूषण दोनों फैलाएं जा रहे हैं। झांसी की रानी बाजार कपड़ा बाजार कम और फल बाजार ज्यादा दिखने लगा है। नियम कानूनों को ताक पर रखकर पुलिस से सहमति बनाओ और इस शहर के दुकानों से ज्यादा सड़को पर ठेले खड़े करके बिक्री कर जाओ। सुनने में ये बात अजीब लगेगी मगर इस शहर का यही हाल हैं झांसी की रानी के बाद अब बात करें मालवीय चौक की तो टाऊन हाल से चाट बाजार हटाने में जो सफलता हासिल की थी वो कोर कसर अब होली एंजेल के बाहर खड़े रेहड़े व मालवीय कालेज के बाहर सब्जी बाजार सजना शुरू हो गया है। ठीक टाउन हॉल की तरह यहां भी जाम के हालत पैदा होने लगे है यहां भी प्रशासन एक दिन डंडा फटकारता है और फिर गहरी नींद सो जाता है। पैदल दुपहिया वाहन चलाने के लिए शायद कोई जगह ही नहीं बचेगी क्योंकि सब जगह ठेला राज है। अब देखना यह होगा कि भाजपा शासन में गली गली बढ़ रहा अतिक्रमण कौन हटवाएगा, फिलहाल ना तो प्रशासन इनकी सुध लेने के मूड में है और नेता तो राम नाम जपकर अपना काम चला ही रहे हैं।

# चंद्रग्रहण से पूर्व सूतक लगते ही बंद हो गए मंदिरों के कपाट

**⏩ शिवचौक को कपड़े से ढापकर किया गया सुरक्षित**



**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** भाद्रपद माह की पूर्णिमा तिथि पर रविवार की रात्रि में इस वर्ष का अंतिम पूर्ण चंद्र ग्रहण के चलते देशभर के साथ नगरीय क्षेत्र में तमाम मंदिरों के कपाट बंद होने के साथ शिवचौक को भी ढक दिया गया। रविवार रात्रि में यह चंद्र ग्रहण 7 सितंबर रात्रि 9.57 बजे से शुरू होकर देर रात्रि 1-26 बजे तक संपन्न हुआ। इस बार यह ग्रहण भारत सहित विश्व के कई देशों में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। ज्योतिषीय गणना के अनुसार चंद्र ग्रहण का सूतक काल ग्रहण से 09 घंटे पूर्व प्रारंभ हो जाता है, ऐसे में रविवार दोपहर 12.35 बजे से सूतक काल शुरू हो जाने के चलते शिवचौक समेत अन्य मंदिरों के कपाट बंद कर दिए गए। शिवचौक को प्रबंध समिति ने कपड़े से ढक दिया। पौराणिक मान्यता के अनुसार साधक द्वारा ग्रहण के दौरान किए गए मंत्र जाप, ध्यान व दान का विशेष फल प्राप्त होता है। ग्रहण के समय भोजन बनाना और ग्रहण कालीन भोजन करना निषेध माना गया है। ऐसे में महिलाएं घरों में बने भोजन आदि में तुलसी दल रखकर खाद्य सामग्री को सुरक्षित रखती हैं। चन्द्र ग्रहण इस बार भारत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूरोप, अमेरिका और अफ्रीका महाद्वीपों में भी दिखाई देगा। भारत में यह पूरे देशभर में दृष्टिगोचर होने से दान-पुण्य के साथ मंत्र जाप से देश, धर्म और समाज का भला होगा।

एंजियोप्लास्टी मतलब

RKB
दिल की देखभाल दिल से

डॉ. पंकज बोहरा

MD(Gen.Med.), DM (Cardiology),MRCPI, FSCAI,
Director, Chief Consultant Interventional Cardiologist)





देश विदेश में 35 वर्षों का अनुभव,
35 हजार से अधिक सर्जरी के अनुभवी

हृदय रोग विशेषज्ञ

आई.सी.यू. | ई.सी.जी. | एन्जियोग्राफी | पेसमेकर | 2D ईको
एन्जियोप्लास्टी | इंटेसिव केयर यूनिट | पैथोलॉजी लैब

नाम लिखवाने के लिए - 8864856388
24hr EMERGENCY SERVICE
समय:- प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक / शनिवार, रविवार अवकाश

हार्ट केयर सैन्टर | 35/08 गली नं. 2 मेन रोड, सदर बाजार, मुजफ्फरनगर

MAX Healthcare

मैक्स हॉस्पिटल, पटपड़गंज, (दिल्ली) के श्रेष्ठ गुर्दा रोग विशेषज्ञ से परामर्श, अब आपके शहर, मुजफ्फरनगर में



ओ.पी.डी. शेड्यूल

डॉ रवि कुमार सिंह
सीनियर कंसलटेंट - नेफ्रोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज

मंगलवार, 9 सितम्बर, 2025 | दोपहर 2:30 बजे से 5:00 बजे तक

गंगाराम अस्पताल, सदर बाजार गली नंबर 2, जिला परिषद कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

समस्याएँ: गुर्दे की विफलता, गुर्दे की पथरी, गुर्दे में संक्रमण, पेशाब में बदलाव इत्यादि।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: +91-8218149646

www.maxhealthcare.in
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज (बालाजी मेडिकल एंड डायग्नोस्टिक रिसर्च सेंटर की एक इकाई)
108 ए, इंद्रप्रस्थ एक्सटेंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली -110 092 फोन: + 91-11-4303 3333

25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE | MAX Healthcare

मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली (गाज़ियाबाद) के श्रेष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ से परामर्श, अब आपके शहर मुज़फ्फरनगर में



डॉ. चिराग जैन
सीनियर कंसल्टेंट - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी

मंगलवार, 9 सितम्बर 2025
सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे
गंगा राम हॉस्पिटल, जिला परिषद कॉलोनी, सदर बाजार, मुज़फ्फरनगर, उत्तर प्रदेश

समस्याएँ: वजन का कम होना, खून की कमी या अनेमिया, थकान और कमजोरी का अनुभव करना, खून में गंध, खून की गिल्टी या खून गर्म होना, खांसी या सांस लेने में परेशानी, भूख की कमी, पेट का बढ़ जाना, पेट में अनियमितता या कब्ज, स्तन या अंडकोष में गांठ का होना इत्यादि।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: +91-82188 74540

www.maxhealthcare.in
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली (क्रॉसले रेमिडीज लिमिटेड की एक इकाई)
डब्ल्यू-3, सेक्टर-1, वैशाली, गाजियाबाद - 201012, (यूपी) | फोन: +91-0120-4173 000, 4188 000



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## पाकिस्तान की रूस से करीबी की चाह

पाकिस्तान की चाहत है कि वह भी रूस के करीब हो जाए, जब प्रधानमन्त्री मोदी चीन में थे, तो कुछ ऐसे वीडियो सामने आए थे, जिनसे लगता था कि पाकिस्तान अलग-थलग पड़ गया, लेकिन प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी भारत लौटते ही जब पाकिस्तानी प्रधानमन्त्री और पुतिन की मुलाकात हुई, तो अलग ही तस्वीर नजर आई। इस तस्वीर को देखने वाले अपने-अपने दृष्टिकोण से इसकी व्याख्या कर रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि यह ऐसे ही है जैसे यूक्रेन और रूस दोनों के भारत से संबंध हैं और कुछ लोग इस तस्वीर को भारत के लिए अच्छा नहीं मानते, जहाँ तक प्रधानमन्त्री मोदी और पुतिन के संबंधों की बात है, तो उनके संबंधों के ग्राफ का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दोनों ने कार में 50 मिनट तक बातचीत की और जहाँ तक पाकिस्तानी प्रधानमन्त्री और पुतिन की मुलाकात का सवाल है तो वह वहाँ होनी ही थी। पीएम मोदी के चीन से वापस आते ही पुतिन और शहबाज शरीफ की मुलाकात हुई। इस मुलाकात में पुतिन ने शहबाज शरीफ से कहा कि पाकिस्तान अब भी रूस का पारंपरिक पार्टनर है। शहबाज शरीफ ने पुतिन से कहा कि वह भारत और रूस के संबंधों का सम्मान करते हैं, लेकिन पाकिस्तान भी रूस से मजबूत संबंध बनाना चाहता है, जब शहबाज शरीफ ऐसा कह रहे थे, तो राष्ट्रपति पुतिन सिर हिलाते हुए हामी भर रहे थे। पुतिन ने शहबाज शरीफ से मुलाकात की और कहा कि पाकिस्तान से अच्छा संबंध चाहते हैं। यह कोई नया नहीं है। मोदी के चीन छोड़ने के बाद पुतिन और शहबाज शरीफ ने द्विपक्षीय एजेंडे पर चर्चा की। पुतिन ने पाकिस्तान को पारंपरिक साझेदार कहा, ट्रेड बढ़ाने की बात कही, यूएनएससी में सहयोग बढ़ाने के लिए कहा और शहबाज शरीफ को मॉस्को आने के लिए निमंत्रण दिया। शहबाज शरीफ ने पुतिन को दक्षिण एशिया में संतुलनवादी नीति के लिए शुक्रिया भी कहा। पुतिन ने पाकिस्तान को पारंपरिक पार्टनर कहा है। क्या वास्तव में पाकिस्तान रूस का पारंपरिक पार्टनर रहा है? इस सवाल का जवाब है पाकिस्तान कभी भी रूस का पारंपरिक पार्टनर नहीं रहा है। वो चाहे सोवियत यूनियन का जमाना हो या उसके बिखर जाने के बाद का। अब पुतिन पाकिस्तान को पारंपरिक पार्टनर बता रहे हैं, लेकिन यह ऐतिहासिक तथ्यों से परे है। भारत ने रूस से स्पष्ट रूप से कहा है कि अगर आपकी करीबी पाकिस्तान से बढ़ती है, तो निश्चित तौर पर हमारे संबंध प्रभावित होंगे, लेकिन पाकिस्तान हमेशा से कोशिश करता रहा है कि वह चीन के जरिए रूस से करीबी बढ़ाए। जाहिर है कि पाकिस्तान और रूस दोनों चीन के अहम पार्टनर हैं। पाकिस्तान की रणनीति यह है कि वह इस कॉन्टिनेंट में भारत के संतुलन को अस्थिर करे। भारत ने यूरेशियन कॉन्टिनेंट में रूस से अच्छे संबंध बनाकर पाकिस्तान को कंट्रोल में रखा है। भारत के लिए चिन्ता की बात है, पाकिस्तान, रूस और चीन का एक साथ आना। रूस और चीन तो पहले ही से एक साथ हैं। विदेशी जानकार मानते हैं कि भारत पूरी तरह से अमेरिकी खेमे में नहीं जा सकता है, क्योंकि भारत को कॉन्टिनेंटल थ्रेट है। अगर चीन, रूस और पाकिस्तान मिल जाएंगे, तो वही ग्रेट गेम शुरू हो जाएगा, जिसकी बात ब्रिटिश इंडिया में हो रही थी। भारत ये स्थिति उत्पन्न नहीं होने देगा, जब 1965 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ तो रूस ने बड़ा ही संतुलित पक्ष रखा था। ताशकंद में रूस ने जो समझौता कराया, वो भी भारत के खिलाफ ही गया था। इस समझौते के बाद पाकिस्तान को लगा था कि रूस पूरी तरह से उसके खिलाफ नहीं है। 1991 में संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान ने 'साउथ एशिया न्यूक्लियर फ्री जोन' का प्रस्ताव पेश किया था, जिसका भारत विरोध करता था। भारत का तर्क था कि जब तक इसमें चीन नहीं शामिल होगा, तब तक इस प्रस्ताव का कोई मतलब नहीं है। कहा जाता है कि पाकिस्तान का यह प्रस्ताव भारत के परमाणु कार्यक्रम को बाधित करने के लिए था, लेकिन सोवियत संघ ने पाकिस्तान के इस प्रस्ताव का समर्थन कर दिया था। अमेरिका, रूस से भारत की दोस्ती को लेकर असहज रहता है, लेकिन भारत अमेरिका की असहजता के सामने झुकने से इन्कार करता रहा है। कई विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका भारत पर रूस से दोस्ती तोड़ने का दबाव डालता है, तो इससे पुतिन का ही हाथ मजबूत होता है। अमेरिका ने भारत के खिलाफ टैरिफ और बढ़ाने की धमकी दी थी, तो कहा गया यह बहुत खतरनाक है। पश्चिम का मानना है कि भारत रूस के लिए खास है, इसलिए पुतिन को साधने के लिए भारत को सजा दो। पुतिन अपने हितों से डिगते नहीं हैं और उन्हें कोई फर्क.नहीं पड़ता है कि भारत को नुकसान हो रहा है। ऐसे में भारत एक पंचिंग बैग बन जाएगा और उन नतीजों से भी प्रभावित होगा, जिनमें उसका कोई हाथ नहीं होगा। अगर ट्रंप भारत को परेशान करेंगे, तो पुतिन को फायदा होगा। भारत और अमेरिका के संबंध खराब होंगे, तो भारत में रूस से संबंध और मजबूत करने की मांग होगी।ऐसे में भारत चीन के साथ समझौते के लिए ज्यादा तैयार दिखेगा। पुतिन,पाकिस्तान के मामले में भारत की चिंता को समझते हैं। इस बात के समर्थन में यह कहा जा सकता है कि पुतिन पिछले 25 सालों से रूस की सत्ता के केंद्र में हैं और आज तक पाकिस्तान नहीं गए। रूस का कोई भी राष्ट्रपति आज तक पाकिस्तान नहीं गया, जब सोवियत संघ का पतन नहीं हुआ था, तब भी किसी राष्ट्रपति का पाकिस्तान दौरा नहीं हुआ। सोवियत संघ के पतन के 16 सालों बाद 11 अप्रैल, 2007 को रूस के प्रधानमन्त्री मिखाइल फ्रादकोव पाकिस्तान गए थे। दक्षिण एशिया में भारत एकमात्र देश है, जहाँ पुतिन आते हैं। 17 मार्च 2016 को पाकिस्तान में रूस के तत्कालीन राजदूत अलेक्सई देदोव ने इंस्टिट्यूट ऑफ स्ट्रेटेजिक स्टडीज इस्लामाबाद में पाकिस्तान-रूस संबंधों पर बोलते हुए कहा था, समस्या यह है कि दौरा महज आनुष्ठानिक नहीं होना चाहिए। दौरे की कोई ठोस वजह होनी चाहिए। अगर कोई ठोस वजह रही, तो दौरा जरूर होगा। इसके लिए तैयारी और समझौतों का होना अनिवार्य है। इस समय वैश्विक राजनीति में बहुत कुछ चल रहा है। अमेरिका भी भारत-रूस-चीन की दोस्ती से परेशान है। पाकिस्तान भी भारत-रूस-चीन की दोस्ती से परेशान है, इन सब में भारत जानता है कि किससे कब कैसा व्यवहार करना है। भारत की दृष्टि वैश्विक राजनीति पर सदैव रहती है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'खूबी' 'बातें' 'टीवी' 'अक़्ल'

उल्टी सीधी बातें करना अपने चमचों की खूबी,
बेसिर पैर की बातें करना, करना भी तो करना है।
सड़कों पर जब हम उतरेंगे टीवी हमें दिखायेगा,
अक़्ल के पीछे लाठी लेकर चलना भी तो चलना है।

# दोपहर बाद झमाझम बारिश ने फिर किया शहर को जलमग्न

## - मुख्य बाजारों के साथ निचली बस्तियों में भरा पानी, लोग बेहाल
## - मात्र 12.8 एमएम बारिश ने कर दिया नगर क्षेत्र को बदहाल





**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** दिल्ली-एनसीआर के साथ समूचे उत्तर भारत में मौसम के बदले मिजाज के बीच एक बार फिर से बारिश ने रुला दिया है। रविवार को ऐसे ही हालातों के बीच दोपहर में फिर पूर्वी यूपी से लेकर पश्चिमी यूपी तक अधिकांश शहरों में झमाझम बारिश हो जाने से मौसम सुहावना होने के साथ गर्मी से बड़ी राहत रही। हालांकि रविवार को सुबह की शुरूआत साफ आसमान से हुई थी। जहां दोपहर तक तेज धूप रही। वहीं, 2 बजे से नगर मुख्यालय से गांव-देहात तक भीषण तेज बारिश के साथ हुई। इस बीच पूर्वी यूपी में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। वहीं बंगाल की खाड़ी की ओर से चक्रवाती हवाएं पूर्वी यूपी की ओर आने के कारण मौसम का मिजाज फिर से बदल गया। मौसम के बदले मिजाज के बीच दिल्ली-एनसीआर के साथ ही वेस्ट यूपी समेत मुजफ्फरनगर शहर में रविवार दोपहर को गहरे काले बादल आसमान में छा गए। इससे पूर्व रविवार सुबह आसमान अपेक्षाकृत साफ रहा। बादल के चंद टुकड़े ही आसमान में मौजूद रहे। दिन में चटख धूप हुई। फिर दोपहर में वेस्ट यूपी समेत जनपद के कई हिस्सों में झमाझम बारिश शुरू हो जाने से लोगों में भगदड़ सी मच गई। हालांकि कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी से लोगों को संतोष करना पड़ा। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को तापमान में स्थिरता के साथ अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री के साथ ही न्यूनतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस के साथ 12.8 एमएम बारिश दर्ज की गई। नगरीय क्षेत्र में हुई एकाएक बारिश से निचली बस्तियों के साथ मुख्य बाजारों में शामिल दाल मंडी, पान मंडी, लोहिया बाजार, शिवचौक समेत आसपास के क्षेत्रों में जलभराव होने से आमजन के साथ तमाम दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान जो जहां था, कुछ देर के लिए वहीं पर ठहर गया और बारिश के थम जाने के बाद जलभराव कम होने के बाद इस परेशानी से मुक्त होता दिखाई दिया। इस बीच दुकानदारों ने बारिश थम जाने के बाद जल निकासी के लिए प्रयास किए, तब कहीं जाकर उन्हें राहत मिली। मौसम विभाग के मुताबिक, वेस्ट यूपी में अगले 4 दिनों तक आसमान में हल्के बादल छाए रहने की संभावना के साथ ही दो दिन बाद में बादलों की रंगत बदलेगी। इस बीच गहरे काले बादल छाएंगे। वहीं दूसरी ओर पूर्वी यूपी में भी गंगा-यमुना का जलस्तर एक बार फिर से लाल निशान पार कर सकता है। दोनों के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। वहीं, आगरा, बरेली और मुरादाबाद में भी नदियों का पानी तेजी से बढ़ रहा है। कई शहरों में बाढ़ के बीच प्रभावित लोगों ने घर खाली कर दिए हैं। जलस्तर और बढ़ने का अलर्ट जारी होने से लोगों में दहशत व्याप्त है। इस बीच मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश में आगामी 11-13 सितंबर तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

## मंडावली खादर की महिला प्रधान संग सचिव ने की बदसलूकी

**बुढ़ाना, 07 सितम्बर (बु.)।** मंडावली खादर के ग्राम सचिव पर महिला प्रधान से बदसलूकी किए जाने का आरोप लगा है। प्रधान उज्ज्वल ने बताया कि वह बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मंडावली खादर की प्रधान है। उसकी ग्राम पंचायत में गऊशाला बनी है, जिसका चारा का पैसा उसके खाते में राज्य सरकार द्वारा आता है, जिसमें वह और ग्राम सचिव दोनों के हस्ताक्षर होते हैं और पैसा निकालकर पशुओं के लिये चारा खरीदा जाता है। बीती 4 सितम्बर को वह अपने पति मनोज कुमार, गांव के उदल पुत्र चरनू और जोनी पुत्र वेदराम के साथ ब्लॉक बुढ़ाना गयी थी, जहां पहले से ही ग्राम सचिव ने 3-4 अज्ञात व्यक्तियों को बैठा रखा था। उसने सचिव को पशुओं का चारा खरीदने के लिये पैसा निकालने के लिये कहा, तो ग्राम सचिव चितरांश बालियान ने कहा कि तू कौन है। तू यहां क्या लेने के लिये आयी है, तो उसने कहा कि मैं ग्राम मंडावली खादर की प्रधान हूं। मैं इसलिए आयी हूं, जो गऊशाला के लिये चारे के पैसे आये हैं, उन्हें निकालने हैं। इतना सुनते ही ग्राम सचिव चितरांश बालियान ने कहा कि तू प्रधान है, तो ये कौन है। यो यहां क्या लेने के लिये आया है। उसने कहा कि मेरे पति हैं।

ये नही आयेंगे, तो मेरे साथ कौन आयेगा, तब सचिव ने कहा कि जब तू प्रधान है, तो अकेली आया कर यो यहां नहीं आयेगा। वहां पर ग्राम सचिव के साथ जो व्यक्ति बैठे थे, उसके और उसके पति के साथ बदतमीजी के लहजे से बात करने लगे और मुझे व मेरे पति मनोज कुमार को पीटने पर उतारू हो गये। उसको ग्राम सचिव व उन व्यक्तियों की हरकतों से बड़ा लज्जित होना पड़ा। महिला ग्राम प्रधान ने एसडीएम से सचिव के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है।

### स्वास्थ्य मेले में किया 147 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

**जानसठ, 07 सितम्बर (बु.)।** सीएचसी प्रभारी डॉ. अर्जुन सिंह की देखरेख में क्षेत्र के गांव सिखेड़ा, राजपुर कलां, मीरापुर, रामराज में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों ने 147 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उनको दवाई का वितरण किया। इस दौरान पीएचसी स्टाफ द्वारा महिलाओं को परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी दी ओर सामग्री वितरित की। एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को टीके लगाए गए। 39 मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर और खून की जांच भी की गई। इस दौरान डॉ. नदीम, डॉ. सुषमा शर्मा, अब्दुल कलीम, गंभीर, जावेद आदि ने स्वास्थ्य मेले में सहयोग किया।

## माननीयों ने जनपद में वितरित किए अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र

### - लखनऊ से मंत्री कपिल देव का देखा सजीव प्रसारण



**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** सीएम योगी आदित्यनाथ एवं मंत्री कपिल देव अग्रवाल की ओर से उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा वर्ष-2025 में घोषित हुए अंतिम परिणामों में चयनित अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लोक भवन स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले में भी देखा गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, विधायक राजपाल सिंह बालियान की मौजूदगी व डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न कार्यक्रम में सभी अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। मेरठ रोड पर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। समारोह में सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार, चेयरमैन, आईएमसी राजकीय आईटीआई मुजफ्फरनगर एवं अध्यक्ष लघु उद्योग भारती लक्ष्मीनगर राजेश जैन, सचिव जगमोहन गोयल, मंत्री प्रतिनिधि अनुज गोयल, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीन खेडा के अलावा नोडल प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई मुकेश प्रताप सिंह के अलावा अन्य प्रधानाचार्य भी मौजूद रहे। मंच का संचालन डॉ. राजीव कुमार सदस्य बाल कल्याण समिति द्वारा किया गया। उपस्थित अतिथियों ने अपने विचार मंच के माध्यम से रखते हुए नवनियुक्त अनुदेशकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इससे पूर्व व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास व उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने सजीव प्रसारण के माध्यम से बताया कि शिल्पकार प्रशिक्षण योजना सर्वाधिक महत्व पूर्ण योजना है, जो कि वर्तमान एवं भविष्य की जनशक्ति की आवश्यकताओं की मांग के अनुरूप पूर्ति करने के लिये शिल्पकारों को तैयार कर रही है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सम्पूर्ण रूप से उपरोक्त योजना के क्रियान्वयन में दिन-प्रतिदिन के प्रशासन व अनुश्रवण की जिम्मेदारी एवं आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करना विभाग का दायित्व एवं जिम्मेदारी है। साथ ही एनसीवीटी से सम्बद्धता प्राप्त निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित प्रशिक्षण का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण भी विभाग द्वारा सम्पादित कराये जाते हैं। प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का कार्य भी उनसे तालमेल के आधार पर किया जाता है, जिससे वर्तमान में उद्योगों, प्रतिष्ठानों की जरूरतों के अनुसार उन्हें दक्ष कामगार उपलब्ध हो सके।

# अग्निवीर भर्ती रैली का हुआ समापन, आज लौटेगी टीम

## - सेना के अफसरों ने डीएम को सम्मानित कर जताया आभार - 18 दिन जारी भर्ती प्रक्रिया में पहुंचे 15,369 अभ्यर्थी





**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** राष्ट्र के प्रति समर्पण, कर्तव्य निष्ठा एवं भारतीय सेना में शामिल होने के जोश व उत्साह के बीच जनपद मुजफ्फरनगर की अग्निवीर भर्ती रैली रविवार को चयनित जवानों की मेडिकल की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई। बीते 18 दिनों तक नुमाइश ग्राउंड एवं चौ. चरण सिंह स्टेडियम में चली सैन्य भर्ती प्रक्रिया ने न वेस्ट यूपी के युवाओं को बेहतर अवसर देने के साथ सेना की पारदर्शिता, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव का भी परिचय कराया। यहां इन दिनों में कई के सपनों को पंख लगे तो वहीं कुछ युवाओं के सपनों को फिर से तैयारी जारी रखने के संकल्प के बीच सैन्य अफसरों ने टीम के साथ जनपद से वापसी की तैयारी कर ली है। अग्निवीर भर्ती अभियान के तहत भारतीय सेना भर्ती कार्यालय मेरठ द्वारा आयोजित भर्ती रैली का रविवार को समापन हो गया। बीते 22 अगस्त से प्रारम्भ हुई भर्ती रैली में वेस्ट यूपी के 13 जनपदों की 54 तहसील के युवाओं ने विभिन्न मापदंडों पर खरा उतरने को प्रयास किए। इस भर्ती रैली में जनपद सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, अमरोहा, रामपुर, मुरादाबाद, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर, बागपत, गाजियाबाद, मेरठ और हापुड़ के युवाओं ने भाग लिया और अपने सपनों को वर्दी तक पहुंचने में काफी अभ्यर्थी सफल भी रहे। मुजफ्फरनगर में भारतीय थल सेना की अग्निपथ योजना के तहत यह दूसरी अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित की गई थी। सेना भर्ती कार्यालय मेरठ के भर्ती निदेशक कर्नल सत्यजीत बेबले ने बताया कि भारतीय सेना राष्ट्र का गौरव है और इस रैली ने देश की युवा शक्ति की क्षमता व प्रतिबद्धता को उजागर किया। अग्निवीर सैनिक की श्रेणियों जनरल ड्यूटी, क्लर्क, एसकेटी, तकनीकी तथा ट्रेड्समैन (8वीं एवं 10वीं) के लिए आयोजित रैली में करीब 17,500 अभ्यर्थी लिखित परीक्षा के बाद शारीरिक दक्षता साबित करने के लिए यहां चयनित किए गए थे, जिनमें से मुजफ्फरनगर में भर्ती प्रक्रिया के दौरान 13 जिलों के 15,369 अभ्यर्थियों ने अपना कौशल और अनुशासन दिखाया। भर्ती प्रक्रिया के दौरान वरिष्ठ सेना अधिकारी मेजर जनरल मनोज तिवारी (क्षेत्रीय भर्ती अधिकारी), ब्रिगेडियर एसके मंडल (उप महानिदेशक) समेत कई उच्च पदस्थ अधिकारियों ने स्टेडियम का दौरा करते हुए भर्ती कार्य की समीक्षा करते हुए अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि मुख्यालय 9 आर्टिलरी ब्रिगेड और 92 मध्यम तोपखाना के सहयोग से पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हुई। वहीं, मुजफ्फरनगर डीएम उमेश मिश्रा के कुशल नेतृत्व में नागरिक प्रशासन ने सेना को आवश्यक सहयोग, जनशक्ति और सभी प्रकार की सहायता प्रदान कर पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती सुनिश्चित की। कर्नल बेबले ने कहा कि युवाओं के अनुशासन व लगन ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भारतीय सेना में शामिल होना सिर्फ नौकरी नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का गौरवपूर्ण संकल्प है। उन्होंने बताया कि रविवार को मेडिकल प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया गया है। सोमवार सायं से स्टेडियम से सैन्य दल रवाना हो जायेगा। इसके बाद इस भर्ती के दौरान विभिन्न श्रेणियों में चयनित जवानों की सूची को जारी किया जाएगा।

# आरएसएस की तीन शाखाओं का एकत्रीकरण कार्यक्रम संपन्न

## - सनातन धर्म भवन में प्रांत सह प्रचारक आनंद जी का बौद्धिक - पूरे वर्ष होने वाले कार्यक्रमों को लेकर किया विचार मंथन





**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** सनातन धर्म सभा भवन में लक्ष्मीनगर का एकत्रिकरण का कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से आयोजित किया गया, जिसमें संघ की दृष्टि से हनुमान नगर, लक्ष्मीनगर, पटेलनगर तीन नगरों की शाखाओं ने प्रतिभाग किया। इस बीच आरएसएस के 100 वर्ष होने पर उत्साहित स्वयं सेवक मौजूद रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत सह प्रचारक आनंद जी का बौद्धिक हुआ। उन्होंने संघ के 100 वर्ष में हजारों स्वयंसेवकों के संघर्ष व बलिदानों से संघ 100 वर्ष पूर्ण करने वाला है। उन्होंने कहा कि एक छोटे से ग्राउंड से 5 बच्चों के साथ डॉ. हेडगेवार जी ने विजय दशमी पर शुरू हुआ यह संघ आज करोड़ों स्वयंसेवकों से युक्त होकर देश की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है। उन्होंने बताया कि ये सब अनुशासन व राष्ट्र प्रेम से ओत-प्रोत के स्वयंसेवकों के अथक परिश्रम से ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से युद्ध हो चाहे चीन से स्वयंसेवकों ने निःस्वार्थ भाव से देश की सेवा की, जिनका कोई भी जिक्र नहीं। देश पर कोई भी संकट आता है सर्वप्रथम संघ देश के लिए हर जगह खड़ा होता है।संघ की सोच ये है देश के सभी लोग अपने है। उन्होंने संघ के 5 परिवर्तनों के बारे में बताया कि कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, सामाजिक समरसता, स्वः का भाव, नागरिक कर्तव्य विषयों का वर्णन करते हुए कहा कि अगर ये विषय हिन्दू समाज व राष्ट्र के लोगों में हो तो देश को विकसित होने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने आने वाले एक वर्ष में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में बताया कि इस साल पूरे वर्ष में विजयदशमी व घर- घर संपर्क अभियान, हिंदू सम्मेलन व समाज के प्रमुख व्यक्तियों व विद्यार्थियों के बीच जाने वाला है। इन सभी पांच परिवर्तनों को लेकर हर समाज के वर्गो में लेकर जाने वाला है। रविवार को संपन्न हुए कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांत संघ चालक प्रेमचंद जी, प्रांत सह कार्यवाह सेवादास जी व जिला संघ चालक डॉ. तेजवीर जी आदि मौजूद रहे।

## कुरालसी में दो दिवसीय मेले का फीता काटकर किया शुभारंभ



**बुढ़ाना/मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** बुढ़ाना क्षेत्र के गांव कुरालसी में बाबा गैरवीर मन्दिर प्रांगण में स्थित जाहरवीर माढ़ी पर रविवार को दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन ठाकुर रामनाथ सिंह ने मेले का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। शुभारंभ अवसर पर मौजूद ग्रामीणों ने बैंक चेयरमैन ठाकुर रामनाथ सिंह का फूल मालाओं एवं ढोल नंगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। चेयरमैन ठाकुर रामनाथ सिंह ने ग्रामीणों के साथ इस दौरान जाहरवीर माढी पर माथा टेकते हुए उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वास्तव में मेले हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं, इसमें हर वर्ग एवं सर्वसमाज भेद-भाव को भुलाकर आपसी सौहार्द्र एवं भाईचारे का परिचय देते हैं। इस बीच मेले में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों और पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जाहरवीर माढी पर इस बीच प्रसाद चढ़ाने और आशीर्वाद पाने को भक्तों की लम्बी कतार लगी रही। कार्यक्रम में इस अवसर पर मुख्य रूप से ठा. राम कुमार सिंह, बुद्दू सिंह, विक्की राजपूत, सोनू मुखिया, मा. तरस पाल सिंह, मा. ब्रजपाल सिंह, तेजपाल सिंह एवं अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# ड्रोन संचालकों ने उठाई ड्रोन प्रतिबंध को लेकर अपनी आवाज

## - जिला प्रशासन से मिलकर इस समस्या का होगा निदान, किया आश्वस्त





**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** शासन-प्रशासन की सख्ती के बीच जिले के ड्रोन संचालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को नगर के गांधी कॉलोनी स्थित द स्पाइस विला में आयोजित की गई। बैठक में ड्रोन स्वामियों ने इस बीच आगामी शादी-पार्टी जैसे आयोजनों में ड्रोन के प्रयोग पर प्रतिबंध को लेकर अपनी समस्याएं रखीं और इस पर गहन चर्चा की। इस बीच यहां मौजूद ड्रोन संचालकों ने अपनी समस्याएं मुजफ्फरनगर फोटोग्राफर्स सोसाइटी तक पहुंचाने के साथ इसके निदान की मांग की। बैठक में सोसाइटी के अध्यक्ष श्रवण मोघा एवं पदाधिकारियों ने सभी ड्रोन स्वामियों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए हर संभव कदम उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही सोसाइटी का एक प्रतिनिधि मंडल इस समस्या को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात करेगा और शादी-पार्टी जैसे आयोजनों में ड्रोन बैन की समस्या का समाधान कराने की दिशा में प्रयास करेगा। बैठक में मुख्य रूप से मित्रसेन, विकास पाल, सुनील सैनी, हरीश कुमार, अनुज कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जैन धर्म के दशलक्षण महापर्व का हुआ भक्तिमय समापन

## - क्षमावाणी पर्व पर निकलेगी आज भगवान महावीर की भव्य रथयात्रा



**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** बीते 28 अगस्त से शुरू हुए दशलक्षण महापर्व का रविवार को समापन हो गया। श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना मंदिर समेत नगर के सभी जैन मंदिरों ने प्रातः बेला में श्री जी का नित्य नियम अभिषेक एवं पूजन करते हुए श्री जी की शांतिधारा संपन्न की गई। श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना मंदिर में श्री जी का प्रथम अभिषेक व शांतिधारा करने का सौभाग्य गौरव जैन व वैभव जैन को प्राप्त हुआ। उसके बाद सभी श्रावकों ने भगवान श्री की पूजा अर्चना व महाआरती की। जैन परम्परा के अनुसार सभी ने एक दूसरे से हाथ जोड़कर क्षमा मांग कर क्षमा याचना की। सोमवार में नगर क्षेत्र के श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर जैन नगर मौ. कृष्णापुरी में जैन संत आचार्य श्री 108 भारत भूषण महाराज ससंघ के सानिध्य में भव्य रूप से क्षमावाणी पर्व मनाने के साथ ही पारंपरिक, वार्षिक भगवान श्री महावीर स्वामी की भव्य रथयात्रा का आयोजन किया जाएगा जो शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई वापस मंदिर जी में संपन्न होगी। इसी प्रकार इस पूरे महामहोत्सव का विधिवत रूप से समापन हो जाएगा। श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना मंदिर में विजय जैन, मुकेश जैन, शशांक जैन, सतीश जैन, विपिन जैन, रोहित जैन, गौरव जैन, वैभव जैन, विप्लव जैन, अमित जैन, आशीष जैन, अरिहंत जैन, आशीष जैन सीए, दिनेश जैन, उमंग जैन, मनीष जैन, अंकुर जैन, अमन जैन, चंद्र जैन, निशांत जैन, अमित जैन, अभिनव जैन आदि मौजूद रहे।

# एक्सीडेंट में मरे बछड़े को जेसीबी मशीन से दबाया



**बुढ़ाना, 07 सितम्बर (बु.)।** बीती रात एक्सीडेंट में मरे एक आवारा बछड़े को गौरक्षकों ने आज रविवार की सायं जंगल में जेसीबी मशीन से जमीन में दबवा दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव परासौली में पुलिस चौकी के समीप कांधला रोड पर स्थित एक पेट्रोल पम्प पर आवारा तरीके से विचरण कर रहे एक आवारा बछड़े को एक अज्ञात वाहन चालक ने जोरदार टक्कर मार दी और वाहन सहित फरार हो गया। उधर घायल बछड़े ने तड़प-तडपकर दम तोड़ दिया। बछड़ा पूरी रात सड़क के किनारे पड़ा रहा। आज रविवार की सुबह किसी ग्रामीण ने इसकी सूचना माधव गौशाला परासौली के संचालक गौरक्षक छोटा सैनी को दी, तो वे अन्य गौरक्षकों के साथ मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना परासौली चौकी इंचार्ज सोनू कुमार को दी, तो उन्होंने तुरंत जेसीबी मंगवाकर गहरा गड्ढा खुदवाकर मृत बछड़े को जमीन में दबवा दिया। लोगों का कहना था कि अगर मृत बछड़ा सड़क के किनारे यूं ही पड़ा रहता, तो काफी बदबू होती और आने-जाने वाले लोगों को परेशानी सामना करना पड़ता।

# चौपट हुआ साईंधाम का चौपाटी बाजार, फिर से टाउन हॉल रोड पर ही हुआ गुलजार




**मुजफ्फरनगर, 7 सितम्बर (बु.)।** साईं धाम के सामने चौपट हुआ चौपाटी बाजार, फिर से हो रहा टाउनहॉल पर ही गुलजार। लगभग तीन माह पूर्व बड़ी खुशी-खुशी से टाऊन हॉल के बाहर लगने वाला चौपाटी बाजार के दुकानदारों ने साईं धाम के सामने अपने ठेले खड़े करने का निर्णय लिया। नगर पालिका ने पूरी मदद करते हुए इनका वेंडर जॉन बनाया और बाकायदा इन्हें छत देकर साईं धाम के सामने शानदार दुकानें सजवाई। मुजफ्फरनगर बुलेटिन ने भी अपने समाचार पत्र के माध्यम से उसी दौरान यह भी लिख दिया था कि सिर्फ दुकान के सजाने से कुछ नहीं होगा, फास्ट फूड के ठेलों पर परिवार के आने के लिए उचित माहौल भी होना चाहिए, जहां आस-पास शराबी सड़क पर पड़े हुए देखे जाएं, वहां क्यों महिलाएं और बच्चे कोई भी खाद्य पदार्थ का चटकारा लेने के लिए क्यों जाएं। शुरू-शुरू में दुकानदारों ने खुद ही इस स्थान की जमकर तारीफ की मगर आज चार माह भी नहीं हुए और दुकानदार खुद ही वहां से हटते दिखाई पड़ रहे हैं, जिसका साक्षात उदाहरण देखना हो तो खुद टाउनहॉल रोड पर जाकर देख सकते हैं। चलिए टाउनहॉल से ही शुरू करते हैं। सबसे पहले बात करते हैं ठीक एक माह बाद ही टाउन हॉल के बाहर वापस जम चुके दो कुल्फी विक्रेताओं की, आजाद व सूरज कुल्फी वाले एक माह बाद ही यहां आकर वापस जम गए हैं। उससे 500 मीटर आगे चले तो बालाजी मंदिर के ठीक सीधे हाथ पर टीन शेड के नीचे दो फास्ट फूड के ठेले खड़े हो चुके हैं। कुछ दूर और आगे चले तो होली एंजिल के बाहर भी फास्ट फूड का बाजार सज चुका है। बस इसी से चंद कदमों की दूरी पर मालवीय चौक के निकट शहर के सबसे पुराने चाउमीन सूप विक्रेता देवेंद्र ने मजबूर होकर साईं धाम के सामने से ठेला हटाकर मालवीय चौक पर ही दुकान कर ली। यहां पहले से ही शहर में मशहूर मद्रासी रमेश डोसे वाला कई वर्षों से बखूबी अपना काम चला रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि फिर से एक बार गुलजार हो गया चौपाटी चाट बाजार...



## लौट के बुद्धू घर को आए, मगर खुश नजर आए

**मुजफ्फरनगर।** जिन टाऊन हॉल बाजार को अपनी मर्जी से दुकानदारों ने अपनी दुकान साईं धाम के सामने जाकर सजा ली थी। आज उनमें से 20 में से 12 दुकानदार वापस टाऊन हॉल लौट आएं हैं। इनके लौट आने के साथ साथ इनके चेहरे की रौनक भी वापस लौट आई है, क्योंकि वहां रोजगार के लाले पड़ गए थे और यहां रोजगार करते ही फिर से रौनक में बदल गई। खुद देवेंद्र चाउमीन वाले की माने, तो यहां बैठते ही फिर दिल सा लगने लगा है। वहां परिवार आने से सकुचाने लगे थे, क्योंकि आसपास शराबियों का माहौल है। देवेंद्र की माने तो तीन दुकानदारों ने अपने ठेलो पर पानी से ढककर उन्हें बंद करने का संदेश दे रखा है सिर्फ चार से पांच दुकानदार वहां ठेले लगाएं हुए है, बाकी के सभी दुकानदार अलग- अलग दुकानों पर बटते हुए टाऊन हाल रोड पर भी अपना बाजार सजा चुके हैं।

NP MZN

## बुलेटिन ने पहले ही लगा दिया था अनुमान कि साईं धाम पर नहीं चलेगा काम

**मुजफ्फरनगर।** टाउनहॉल के बाहर से चौपाटी उजड़ने से पहले बुलेटिन ने नगर पालिका को अपनी फ्री की सलाह देते हुए कहा था कि यदि ये बाजार सजाने भी हैं तो किसी ऐसे स्थान पर सजाना, जहां इन गरीबों का रोजगार भी चल जाए, जिसके लिए बुलेटिन द्वारा सोल्जर बोर्ड व शाम के बाद पार्किंग खत्म करके टाउनहॉल के अंदर यह बाजार सजाने की राय दी गई थी और यह भी बता दिया गया था कि रामलीला जैसे कार्यक्रम के दिनों में यह बाजार कुछ दिनों के लिए बाहर सजवा दिया जाएगा। इससे पालिका की आमदनी भी बढ़ती ओर जो दुकानदार इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हें भी एक ही जगह पनाह मिल जाती, मगर करता तो हर कोई अपनी मन मर्जी है, जिसे जैसा ठीक लगा, उसने वैसा किया। मगर यह कहना गलत ना होगा कि चार महीने बाद ही सही लौट के बुद्धू घर को आए, यह बाजार फिर एक बार वही का वही सजता हुआ दिखाई पड़ रहा है।



देर रात बुलेटिन के कैमरे से चन्द्रग्रहण का नजारा

देर रात 11.58 पर चन्द्रग्रहण का मनोहारी दृश्य

## 12 दिन बाद कल से खुलेंगे स्कूल, पर नहीं आएंगे विद्यार्थी, सरकार ने जारी किए नए दिशा-निर्देश

**चंडीगढ़, 07 सितंबर (एजेंसी)।** पंजाब में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। 27 अगस्त से राज्य में सभी स्कूल बंद हैं। इसके अलावा दो बार स्कूलों की छुट्टियां बढ़ाई थी। ऐसे में लगभग 12 दिन बाद स्कूल दोबारा खोले जा रहे हैं। 8 सितंबर सोमवार से स्कूलों को खोला जाएगा, लेकिन सोमवार को विद्यार्थी स्कूल नहीं आएंगे। पंजाब सरकार की तरफ से जारी किए गए दिशा निर्देशों के तहत 8 सितंबर को राज्य के सभी सरकारी स्कूल विद्यार्थियों के लिए बंद रहेंगे। पंजाब राज्य के शैक्षिक संस्थानों के खुलने संबंधी आवश्यक जानकारी और निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य के सभी सरकारी, प्राइवेट और एडेड स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय सोमवार से सामान्य रूप से खुलेंगे। यदि कोई स्कूल या कॉलेज बाढ़ से प्रभावित हैं तो उसे बंद करने का निर्णय संबंधित जिले के डिप्टी कमिश्नर द्वारा लिया जाएगा। इसके अलावा प्राइवेट स्कूलों के प्रबंधकों के लिए यह सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा कि स्कूल की इमारत और कक्षाएं पूरी तरह बच्चों के लिए सुरक्षित हों, ताकि विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। 8 सितंबर को राज्य के सभी सरकारी स्कूल विद्यार्थियों के लिए बंद रहेंगे।

## भारत में दिखाई देगा आज साल का आखिरी पूर्ण चंद्र ग्रहण, सीधे आंखों से देखा जा सकेगा ब्लड मून

**नई दिल्ली, 07 सितंबर (एजेंसी)।** साल का आखिरी चंद्र ग्रहण भारत में भी दिखाई देगा। नई दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, जयपुर, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, लखनऊ कुछ लोकप्रिय शहर हैं, जहां पूर्ण चन्द्र ग्रहण दिखायी देगा। भारत में जहां भी ग्रहण दिखायी देगा, वहां पर चन्द्र ग्रहण से जुड़े सभी पारम्परिक अनुष्ठान लागू होंगे। दरअसल चंद्र ग्रहण के समय कई तरह की सावधानियां बरतने की सलाह दी जाती है। जैसे इस दौरान भोजन नहीं किया जाता, पूजा-पाठ और अन्य शुभ कार्यों पर भी रोक रहती है। चलिए जानते हैं 7 सितंबर 2025 का चंद्र ग्रहण कब से कब तक रहेगा और इसका सूतक काल कब लगेगा। 7 सितंबर 2025 को सूतक दोपहर 12:19 बजे से शुरू होगा और इसकी समाप्ति 8 सितंबर 2025 को 01:26 एएम पर होगी। बच्चों, बृद्धों और अस्वस्थ लोगों के लिये सूतक शाम 06:36 से शुरू होगा। चंद्र ग्रहण के दौरान भोजन करने, सोने, तेल मालिश करने, जल ग्रहण करने, मल-मूत्र विसर्जन, बालों में कन्घा करना, दातुन करना और यौन गतिविधियों में लिप्त होना प्रतिबन्धित माना जाता है। इसके अलावा इस दौरान भगवान की मूर्तियों को भी स्पर्श नहीं किया जाता है। चंद्रग्रहण के दिन चंद्रमा को मजबूत करने के लिए कई तरह के उपाय आप कर सकते हैं। इस दिन चांदी और मोती रत्न धारण करना बेहद शुभ होता है। इसके साथ ही सफेद वस्त्र, इस दिन दान करते हैं तो कुंडली में मौजूद चंद्रमा मजबूत होता है।



## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज सहारनपुर में

**सहारनपुर, 7 सितम्बर (बु.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज सोमवार को सहारनपुर से आपदा प्रभावित राज्यों उत्तराखंड हिमाचल प्रदेश और पंजाब के लिए राहत सामग्री रवाना करेंगे। वह आज दोपहर अंबाला रोड स्थित सरोवर पोर्टिको पहुंचेंगे और वहां से राहत सामग्री के वाहनों को हरी झंडी दिखाएंगे। मुख्यमंत्री आज दोपहर 1.20 बजे अंबाला रोड स्थित कार्यक्रम स्थल सरोवर पोर्टिको पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट से 11.55 बजे रवाना होकर दोपहर 1.10 बजे सरसावा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से वे अंबाला रोड स्थित कार्यक्रम स्थल सरोवर पोर्टिको 1.20 बजे पहुंचेंगे। जहां मुख्यमंत्री 50 मिनट रुकेंगे। मुख्यमंत्री यहां से उत्तराखंड, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में लिए राहत सामग्री के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सरोवर पोर्टिको से दोपहर 2.10 बजे चलकर वह 2.15 बजे सरसावा एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा एयरपोर्ट से 2.20 बजे लखनऊ अमौसी एयरपोर्ट के लिए रवाना हो जाएंगे। उधर, रविवार को प्रशासनिक अमला व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटा रहा।



## उज्जैन में पुलिस की गाड़ी शिप्रा नदी में गिरी, थाना प्रभारी का शव बरामद, 2 अन्य पुलिसकर्मियों की तलाश जारी

**उज्जैन, 07 सितंबर (एजेंसी)।** तेज बारिश के कारण देशभर में नदियां उफान पर हैं। मध्य प्रदेश में महाकाल की नगरी उज्जैन में भी शिप्रा नदी का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। बीती रात पुलिस की एक गाड़ी इस नदी में गिर गई, जिसमें थाना प्रभारी समेत तीन पुलिसकर्मी सवार थे। थाना प्रभारी का शव मिला है, वहीं अन्य दो पुलिसकर्मियों की तलाश की जा रही है। यह हादसा शनिवार की रात लगभग 9:30 बजे हुआ। शिप्रा नदी के बड़े पुल से गुजरते हुए कार अचानक नदी में गिर गई। घटना की सूचना मिलते ही बचाव दल मौके पर पहुंचा। पिछले 11 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है, लेकिन अभी तक 2 पुलिसकर्मियों का पता नहीं चल सका है। हादसे का शिकार हुई कार में थाना प्रभारी अशोक शर्मा, एसआई मदनलाल निनामा और महिला पुलिसकर्मी आरती पाल सवार थे। घटना के फौरन बाद इलाके में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। 11 घंटे के बचाव अभियान के बाद थाना प्रभारी अशोक शर्मा का शव मंगलनाथ क्षेत्र में मिला। वहीं, मदनलाल और आरती पाल की तलाश जारी है। उज्जैन के एसपी प्रदीप शर्मा के अनुसार गुराड़िया सांग से एक महिला लापता हो गई थी। तीनों पुलिसकर्मी उसी महिला की तलाश में निकले थे। वो चिंतामण क्षेत्र की तरफ जा रहे थे। इस दौरान शिप्रा नदी का बड़ा पुल पार करते समय उनकी कार नीचे गिर गई। नदी में कार गिरने की सूचना पर बचाव टीमें मौके पर पहुंची थीं। हालांकि, जब सुबह थाना प्रभारी समेत तीनों पुलिसकर्मियों के फोन बंद आने लगे तो अनहोनी की आशंका जताई गई। उनके फोन की आखिरी लोकेशन घटनास्थल के पास मिली।

## सीएम सिद्धारमैया ने तोड़े ट्रैफिक नियम और भरा 2,500 का जुर्माना

**बेंगलुरू, 07 सितंबर (एजेंसी)।** बेंगलुरु,(ईएमएस)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर ट्रैफिक नियम तोड़ने के सात मामले दर्ज हुए हैं। शहर में लगे इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) कैमरों में उनके आधिकारिक वाहन द्वारा किए गए उल्लंघन कैद हुए। सभी मामलों में कुल 2,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया, जिसे समय पर चुका भी दिया गया है। जानकारी के अनुसार, 6 बार यह पाया गया कि मुख्यमंत्री अपनी गाड़ी की फ्रंट सीट पर बैठे होने के बावजूद सीट बेल्ट नहीं लगाए हुए थे। ये घटनाएं शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों पर रिकॉर्ड हुईं। इसके अलावा जुलाई में केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास एक्सप्रेसवे पर तय सीमा से अधिक रफ्तार में वाहन चलाने पर भी चालान काटा गया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की गाड़ी के चालान की डिटेल्स हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। हालांकि सभी जुर्माने के समय पर भर दिए गए। इस पर राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। अधिकारियों का कहना है कि आईटीएमएस पूरी तरह स्वचालित और निष्पक्ष तरीके से काम करता है।



## कई दिनों से लापता युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से हड़कंप, ग्रामीणों ने हत्या का आरोप लगाकर किया हंगामा

▶▶ सीओ सदर एवं थाना प्रभारी के सख्त कार्रवाई के आश्वासन पर शांत हुए ग्रामीण, पीएम के लिए भेजा

**चरथावल, 07 सितम्बर (बु.)।** ग्राम चौकड़ा पुल के पास कई दिनों से लापता युवक का शव श्मशान घाट में आम के पेड़ से सड़ी-गली अवस्था में लटका मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली, वहीं ग्रामीणों ने हत्या व तुरन्त घटना के खुलासे की मांग करते हुए शव को उतारने से मना कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सदर डॉ. रविशंकर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। पुलिस अधिकारियों ने सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत किया तथा मृतक के शव को पेड़ से उतरवाकर पीएम के लिए भिजवाया। चरथावल कस्बे के मौहल्ला चौहट्टा निवासी नईम पुत्र भूरा 2 सितंबर को चौकड़ा पुल के पास मछली पकड़ने गया था। नईम के शाम तक वापस घर न लौटने पर परिजनों ने नईम की तलाश शुरू की थी। उसका कोई पता न चलने पर परिजनों ने थाना चरथावल पर गुमशुदा की दर्ज कराई थी। पुलिस एवं परिजन तभी से ही उसकी तलाश में जुटे थे, परंतु उसका कोई अता-पता नहीं चल पाया था। रविवार को परिजनों द्वारा लापता नईम की जंगलों में तलाश की जा रही थी। उसी दौरान चौकड़ा पुल के पास श्मशान घाट में आम के पेड़ पर एक व्यक्ति का सड़ी-गली अवस्था में शव लटका दिखाई दिया। परिजनों द्वारा अन्य ग्रामीणों को इसकी सूचना दी गई। पास जाकर देखा तो उसकी पहचान नईम उर्फ भूरा के रूप में हुई। शव पूरी तरह से सड़ी-गली अवस्था में था तथा चेहरा भी साफ प्रतीत नहीं हो रहा था। लापता युवक का शव श्मशान घाट में आम के पेड़ से सड़ी-गली अवस्था में लटका मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। वहीं भाकियू अराजनीतिक के ब्लॉक अध्यक्ष काला प्रधान, सभासद गुलफाम उर्फ काला आलम त्यागी आदि गणमान्य लोग भी मौके पर पहुंचे। वहीं सूचना चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली, वहीं ग्रामीणों ने हत्या का आरोप व घटना के खुलासे की मांग करते हुए शव को उतारने से मना कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सदर डॉ. रविशंकर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। पुलिस अधिकारियों ने सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत किया तथा मृतक के शव को पेड़ से उतरवाकर पीएम के लिए भिजवाया। वहीं पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



# बेटी की हरकतों से परेशान हत्यारोपी पिता भेजा जेल

**मुजफ्फरनगर, 07 सितंबर (बु.)।** शनिवार को खालापार के मौहल्ला किदवईनगर में एक पिता ने मजबूर होकर अपनी ही बेटी का गला घोटकर हत्या कर दी थी। हालांकि इस मजबूरी का कानून से कोई लेना-देना नहीं है। कानून अपना काम करेगा। आज गय्यूर ने अपना मर्म पुलिस के सामने बताते हुए जुर्म कबूल किया और बताया कि बेटी आरजू की गलत हरकतों से परेशान होकर उसे यह कदम उठाना पड़ा। यदि उसे इस बात का कोई अफसोस होता तो वह बेटी की हत्या करने के बाद खुद क्यों बताने आता कि उसने ही बेटी की हत्या की है। बाप का बताना है कि उसने बेटी का रिश्ता देवबंद तय किया था। मगर बेटी लगातार शादी से इंकार कर रही थी और जब सारी हदें पार हो गयी तो मजबूरन उसे अपनी इज्जत बचाने का और कोई साधन नहीं दिखा और उसने दृढ संकल्प लेकर बेटी की हत्या कर डाली। इतना ही नहीं पिता गय्यूर ने बताया कि वह गरीब आदमी है और बकरियां चराकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। पन्द्रह दिन पहले जब वह बकरियां चराकर वापस लौटा तो उसकी बेटी आरजू किसी से फोन पर बात कर रही थी। जैसे ही उसने बेटी को बात करते देखा तो बेटी ने फोन छिपा लिया। इसी बात पर पिता को यकीन हो गया कि उसकी बेटी गलत हरकत में लगी है और शादी से इंकार का कारण भी यही है। शनिवार को आरजू की हत्या की तैयारी कर उसने बहाने से अपनी पत्नी हाजरा व छोटी बेटी अलिशा को बकरियों का चारा डालने के लिए भेज दिया और चारपाई पर सो रही बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। पूरे प्रकरण में बड़ी बात यह रही कि पिता को हत्या करने के बाद भी कोई ग्लानि इस कारण महसूस नहीं हुई क्योंकि वह अपनी औलाद की हरकतों से पूरी तरह तंग आ चुका था और समाज में चाहे इस बात का जो भी संदेश जाये, मगर यह सच है कि जब अपना तन, मन, धन लुटाकर मां-बाप अपनी औलाद को बड़ा करते हैं तो इसलिए नहीं करते कि वह बाप की टोपी चौराहे पर रखकर उसका तमाशा निकाले।



# पीईटी की परीक्षा के दौरान तेज हुई रोडवेज की रफ्तार

## रविवार शाम को रेलवे स्टेशन पर भी देखने को मिली भारी भरकम भीड़

**मुजफ्फरनगर, 07 सितंबर (बु.)।** प्रारंभिक अर्हता परीक्षा यानि की पीईटी जनपद मुजफ्फरनगर में चल रही है। यह परीक्षा 6, 7 और 8 सितंबर को जनपद के निर्धारित कई परीक्षा केंद्रों में चल रही है। आपको बता दें कि दिनांक 6 सितंबर को जिले के 22 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा दो पालियों में हुई। पहली पाली सुबह 10 बजे हुई, जिसमें 10,080 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 7,932 ने परीक्षा दी। दूसरी पाली दोपहर 3 बजे शुरू हुई, जिसमें 10,080 में से 7,951 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। कुल 20,160 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 15,883 ने परीक्षा दी, जबकि 4,277 अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा के दौरान मुरादाबाद, अमरोहा, शामली, सहारनपुर के अभ्यर्थी शामिल हुए। सबसे अच्छी बात मुजफ्फरनगर की रोडवेज डिपो को लेकर है। बुलेटिन की टीम ने मौके पर जाकर देखा कि अभ्यर्थी रेलवे के मुकाबले बस सेवा को प्राथमिकता दे रहे हैं। जिस तरह से कांवड़ के दौरान कावड़ियों ने बस सेवा को नकारा था। शायद उसके मुकाबले कुछ राहत तो मुजफ्फरनगर रोडवेज सेवा को मिली होगी। रोडवेज बस स्टैंड पर काफी भीड़ देखने को मिली है। वैसे तो आमजन भी बस में सफर करने के लिये आते हैं, लेकिन आज इनमें ज्यादातर पीईटी के अभ्यर्थी दिखे। आम बस ही नहीं, बल्कि यूपी रोडवेज की जनरथ सेवा यानि कि एसी बस जिसका किराया आम बस के मुकाबले ज्यादा होता है। उसमें भी जो बस मुरादाबाद जा रही थी। एग्जाम देकर आ रहे पीईटी के अभ्यर्थी ही दिखे। इसी को देखते हुए मुजफ्फरनगर डिपो के एआरएम खुद बसों की मौके पर जांच करते रहे। उन्होंने डिपो के सभी बस स्टैंडों पर परिवहन के अधिकारियों को तैनात कर रखा था। बता दें कि मुजफ्फरनगर से मुरादाबाद के लिये आमतौर पर प्रतिदिन 7 बसें चलती हैं, लेकिन परीक्षा में बढ़ती भीड़ के कारण आज मुरादाबाद के लिये 5 बसें अतिरिक्त लगानी पड़ी। इसके अलावा शामली के लिये मुजफ्फरनगर से हर 20 से 25 मिनट में बस सेवा है, लेकिन आज रोडवेज डिपो को हर 5 मिनट में शामली के लिये बस भेजनी पड़ रही थी।

ऐसा ही कुछ हाल सहारनपुर जनपद से था यहां भी डेली रूटीन में 45 बसों का आवागमन होता है, लेकिन आज सहारनपुर से आए अभ्यर्थियों की संख्या इतनी थी कि इसको देखते हुए रोडवेज डिपो ने 10 अतिरिक्त बसों को सहारनपुर के लिये भेजना पड़ा। वहीं एक नई बात भी सामने आई कि यूं तो जनपद अमरोहा के लिये डायरेक्ट बस सेवा मुजफ्फरनगर से कोई नहीं है, लेकिन दिनांक 6 सितंबर को अमरोहा से भी हजारों अभ्यार्थी आये हुए थे। इसको देखते हुए रोडवेज डिपो ने अमरोहा के लिये 2 बसों को भेजा है। हालांकि यह कोई स्थाई रूट नहीं है लेकिन इसे एक अच्छी पहले के रूप में देखा जा सकता है। ऐसा भी नहीं है कि रेलवे सेवा को अभ्यर्थियों ने नकारा हो, क्योंकि 7 सितंबर को देर शाम जैसे ही परीक्षा खत्म हुई भारी भरकम भीड जनपद रेलवे स्टेशन पर देखी गई। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि रेलवे प्लेटफॉर्म पर पैर रखने को जगह नहीं बची थी।





हमने पूरी कोशिश कि बाहरी जनपदों से परीक्षा देने आये अभ्यर्थियों किसी प्रकार की दिक्कत का सामना ना करना पड़े। हमने पहले से ही बसें स्टैंडबाय पर रखी थी, ताकि जरूरत पड़ने पर दिक्कत ना हो। इस समय देखा जाये तो हमारा भी लक्ष्य अच्छी सेवा देना होता है। जहां भी जरूरत पड़ी हमने अतिरिक्त बसें भी लगाई और अमरोहा के लिये जहां डॉयरेक्ट बस सेवा नहीं है, वहां भी बस भेजकर अभ्यर्थियों को घर पहुंचाने का काम किया है।

**प्रभात कुमार सिन्हा**
एआरएम, मुजफ्फरनगर बस डिपो

## मेरठ में अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का पदार्फाश, गैंग के 6 आरोपी गिरफ्तार

**मेरठ, 07 सितंबर (एजेंसी)।** मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना पुलिस ने साइबर थाना और दूरसंचार विभाग की टीम के साथ मिलकर एक बड़े अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का भंडाफोड़ किया। इस कार्रवाई में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी विदेशी कॉल को भारतीय नंबरों में बदल देते थे। इससे न केवल सरकार को करोड़ों रुपए का राजस्व नुकसान हो रहा था बल्कि यह गतिविधि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा थी। आपको बता दें कि मामले में गिरफ्तार आरोपियों में जामिया चौक निवासी आस मोहम्मद, लक्खीपुरा के कासिम और हासिम, अहमदनगर के सरफराज और इमरान शामिल हैं। सभी के खिलाफ आईटी एक्ट और इंडियन टेलीकॉम एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मौके से पुलिस ने एक डिनस्टार, 32 सिम स्लॉट, 4 वाईफाई राउटर, 22 सिम कार्ड, 3 लैपटॉप और 5 एंड्रॉइड मोबाइल जब्त किए हैं। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच हो रही है। उन्हें कोर्ट में पेश कर रिमांड की मांग की जाएगी। सीओ कोतवाली अंतरिक्ष जैन के निर्देश पर पुलिस और साइबर क्राइम टीम इस केस पर लंबे समय से काम कर रही थी।

## जमानत करा रही महिला की हालत तहसील परिसर में हुई खराब

**बुढ़ाना, 07 सितम्बर (बु.)।** स्थानीय पुलिस की एक पक्षीय कार्यवाही से घबराई हुई एक आरोपी महिला की हालत तहसील परिसर में उस समय बिगड़ गयी, जब पुलिस उसको कोतवाली से एसडीएम कोर्ट में पेश करने जा रही थी। हालत बिगड़ने पर पुलिस के हाथ-पांव फूल गये और पुलिस ने महिला को आनन-फानन में सीएचसी में भर्ती कराया, तो चिकित्सकों ने महिला को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे में बीते कल दो पक्षों नौशाद सैफी और दूसरे संप्रदाय की प्रणिता नामक महिला में मकान और दुकान को बेंचने के चलते झगड़ा हो गया था, जिसमें कस्बा चौकी पुलिस मौके पर पहुंचकर एक पक्ष के दो युवकों और दो महिलाओं को पकड़कर बुढ़ाना कोतवाली ले आयी थी, जबकि दूसरे पक्ष के किसी भी व्यक्ति को नहीं पकड़ा था। दूसरे पक्ष ने पुलिस को जावेद पक्ष के खिलाफ ही तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी, तो पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्यवाही करते हुए आज दो महिलाओं का चालान कर दिया, जबकि जावेद पक्ष के ही दो युवकों को भी जेल भेजे जाने की तैयारी चल रही थी, जब आज रविवार की सायं दोनों महिलाओं को बुढ़ाना पुलिस अपनी कस्टडी में लेकर एसडीएम बुढ़ाना कोर्ट में ले जाने के लिए बुढ़ाना तहसील परिसर में पहुंची, तो जावेद सैफी की पत्नी रुखसाना की हालत अचानक से बिगड़ गयी, तो पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने महिला को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बुढ़ाना में भर्ती कराया, तो चिकित्सकों ने उसको गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया। देर रात समाचार लिखे जाने तक महिला की हालत जस की तस ही बनी हुई थी। उधर जावेद पक्ष के ही 2 अन्य लोग पुलिस के डर की वजह से फरार हो गये हैं। दूसरी और चर्चा है कि पूरे मामले को बुढ़ाना कस्बा चौकी पुलिस ने दबाए रखा, क्योंकि बुढ़ाना कोतवाल सुभाष अत्री को यह भी नहीं पता कि झगड़ा किसका किसके साथ हुआ था। बस उन्होंने तो पीड़ित की तहरीर पर आज कस्बा चोकी पुलिस को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे।

**क्या कहते हैं बुढ़ाना कोतवाल....** बुढ़ाना, 07 सितम्बर (बु.)। इस संबंध में जब बुढ़ाना कोतवाल सुभाष अत्री से बात की गयी, तो उन्होंने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर ही कार्यवाही की गयी थी। आरोपी महिला कि तबियत बिगड़ी है, इसकी जानकारी उनको मिल गयी है। आरोपी महिला पक्ष के लोग अब दूसरे पक्ष को भी जेल भिजवाने के लिए ड्रामा कर रहे हैं। वे इस मामले को बारीकी से दिखवा रहे हैं।

## मकान गिरने से घायल महिला की मेरठ मेडिकल में उपचार के दौरान मौत

**चरथावल, 07 सितम्बर (बु.)।** पांच दिन पूर्व बरसात के कारण गिरे मकान के मलबे में दबकर घायल हुई महिला की मेरठ मेडिकल में उपचार के दौरान मौत हो गयी। महिला की मौत से स्वजन में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद पहुंचे शव का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। मलबे में दबने से पति व दो बच्चे घायल हो गये थे तथा दो पशुओं की भी मौत हो गयी थी। चरथावल ग्राम रोनी हरजीपुर में तीन सितंबर को भारी बरसात के कारण अनुज का मकान गिर गया था। अचानक गिरे मकान के मलबे में भीतर सो रहा परिवार दब गया था। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने मलबे को हटाकर परिवार को बाहर निकाला था। इस हादसे में अनुज, उसकी पत्नी मनसा के अलावा बच्चे आर्यन एवं हर्षित गम्भीररूप से घायल हो गये थे। महिला की हालत गम्भीर देखते हुए चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया था, लेकिन हालत गम्भीर होने के कारण महिला का उपचार मेरठ मेडिकल में चल रहा था। भाकियू नेता विकास शर्मा ने बताया कि रविवार की सुबह तीन बजे उपचार के दौरान जिंदगी मौत से जूझ रही महिला की मौत हो गयी। महिला की मौत से स्वजन में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद पहुंचे शव का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया।



## मथुरा के आश्रम में गर्दन तक भरा पानी, भक्तों का रेस्क्यू किया गया

▶▶ शाहजहांपुर में हाईवे डूबा, आज 21 जिलों में अलर्ट

**मथुरा, 07 सितंबर (एजेंसी)।** यूपी में बारिश-बाढ़ का दौर जारी है। मौसम विभाग ने रविवार को यूपी के 21 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद मथुरा में हालात बिगड़ गए हैं। यमुना का पानी शहर में घुस गया है। शनिवार को एक आश्रम में गर्दन तक पानी भर गया। पुलिस ने भक्तों को रेस्क्यू किया। मथुरा में यमुना खतरे के निशान से पोने 4 फीट ऊपर बह रही है। पानी अब रिहायशी इलाकों, सड़कों और परिक्रमा मार्ग तक पहुंच गया है। वृंदावन का परिक्रमा मार्ग पूरी तरह से डूब चुका है। श्रद्धालु जहां-तहां फंसे हैं। विश्राम घाट से लेकर बंगाली घाट तक का संपर्क टूट चुका है। मथुरा में 26 गांवों के साथ करीब 7 हजार की आबादी बाढ़ प्रभावित है। वृंदावन में शहरी इलाके का 70% हिस्सा जलमग्न है। कई स्थानों पर तो बहाव इतना तेज है कि पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है। शाहजहांपुर में दिल्ली-लखनऊ हाईवे बाढ़ के पानी से डूब गया। उधर, प्रयागराज में गंगा-यमुना नदियों का जलस्तर फिर से बढ़ रहा है। ललितपुर का माताटीला बांध अचानक ओवरफ्लो हुआ, इसके 20 गेट खोल दिए गए हैं। वहीं, पीलीभीत में बीते कई दिनों से बाढ के हालात हैं। पांच तहसीलों के कुल 62 गांव प्रभावित हैं। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह खुद कंट्रोल रूम से बाढ़ की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, आने वाले 3-4 दिनों तक पूरे प्रदेश में तेज बारिश की संभावना नहीं है। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश के मुताबिक अगस्त में सामान्य बारिश हुई थी। अब मानसून अपने आखिरी चरण में है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता कम हो गई है, इस वजह से किसी भी जिले में भारी बारिश का अलर्ट नहीं है।

## ऑपरेशन सवेरा के तहत तीन मादक तस्कर गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 07 सितंबर (बु.)।** नई मंडी कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत मादक पदार्थ की तस्करी व खरीदने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से 41.48 ग्राम स्मैक, इलेक्ट्रानिक कांटा व बाइक बरामद की गयी है। पुलिस ने पूछताछ के बाद तीनों आरोपियों का चालान कर दिया है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि नई मंडी कोतवाली पुलिस ने रथेड़ी कट के पास से चैकिंग के दौरान अभिनव उर्फ शुभम व हिमांशु निवासीगण पचैंडा कलां थाना नई मंडी व नितिन उर्फ टोनी निवासी मोहल्ला गौशाला नदी रोड थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने 41.48 ग्राम स्मैक, एक इलेक्ट्रानिक कांटा व बाइक बरामद की गयी है। पूछताछ में आरोपी अभिनव व हिमांशु ने बताया कि वे स्मैक पीते है और नितिन उर्फ टोनी से पुडिया में स्मैक खरीदते है। रविवार सुबह ही उन्होंने तस्कर टोनी से स्मैक खरीदी थी और बाकी स्मैक लेने के लिए उसने रथेड़ी कट पर बुलाया था। आरोपी नितिन उत्तराखंड के मंगलौर से स्मैक खरीदकर लाता है और शहर में सप्लाई करता है। आरोपी नितिन उर्फ टोनी पिछले काफी समय से खाकी के करीबी रहा है। कई गुडवर्क में उसका नाम चचाओं में रहा है। इसी का फायदा उठाकर आरोपी मादक पदार्थ की तस्करी का कार्य कर रहा था। पुलिस ने पूछताछ के बाद तीनों आरोपियों का चालान कर दिया है। पकड़ी गयी स्मैक की कीमत 9 लाख रुपये आंकी गयी है।



## सहारनपुर में डेनिम अगरबत्ती फैक्ट्री पर पुलिस की छापेमारी, भारी मात्रा में नकली माल बरामद

**सहारनपुर, 07 सितंबर (एजेंसी)।** सहारनपुर में नकली उत्पाद बनाने वालों पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थाना सदर बाजार क्षेत्र के वार्ड 24 रामनगर स्थित शिवा एंटरप्राइजेज नामक अगरबत्ती फैक्ट्री पर पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली डेनिम ब्रांड की अगरबत्ती बरामद की। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में लंबे समय से डेनिम कंपनी के नाम का अवैध इस्तेमाल कर डुप्लीकेट अगरबत्ती बनाई जा रही थी। दरअसल, कोलकाता से आई डेनिम कंपनी की टीम ने सहारनपुर एसएसपी को शिकायत पत्र दिया था। टीम का आरोप था कि सहारनपुर में नकली डेनिम अगरबत्ती बनाकर बाजार में सप्लाई की जा रही है, जिससे उनकी कंपनी को भारी नुकसान हो रहा है। शिकायत पर गंभीरता दिखाते हुए पुलिस ने तुरंत छापेमारी की और मौके से डुप्लीकेट अगरबत्ती की बड़ी खेप बरामद कर ली। पुलिस अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह फैक्ट्री पिछले 20 सालों से अधिक समय से नकली डेनिम अगरबत्ती का उत्पादन कर रही थी। इस दौरान न केवल कंपनी का नाम बल्कि उसकी पैकिंग और डिजाइन की भी हूबहू नकल की जा रही थी, ताकि असली और नकली में फर्क करना मुश्किल हो सके। फिलहाल पुलिस ने फैक्ट्री से जब्त की गई नकली सामग्री को सील कर दिया है और इस प्रकरण की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि इस पूरे नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि पता लगाया जा सके कि यह नकली अगरबत्ती किन-किन जगहों पर सप्लाई होती थी और इसमें और कौन-कौन लोग शामिल हैं। सहारनपुर पुलिस की इस कार्रवाई से नकली उत्पाद बनाने और बेचने वालों में हड़कंप मच गया है। पुलिस का कहना है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और ऐसे गिरोहों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी।